Publication	Dainik Jagran	Language	Hindi
Edition	New Delhi	Journalist	Asian News International
Date	08/12/2023	Page no	14
CCM	11.28		

Chennai project plan to deal with floods

बाढ़ से निपटने के लिए चेन्नई प्रोजेक्ट प्लान

नई दिल्ली, एएनआइः केंद्र सरकार ने नेशनल डिजास्टर मिटिगेशन फंड (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन प्रोजेक्ट के लिए समेकित शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपये की शहरी बाढ़ से निपटने की पहली परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें केंद्रीय सहायता के तौर पर 500 करोड़ रुपये शामिल हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी अपनी एक पोस्ट में स्पष्ट किया कि शहरी बाढ़ से निपटने की इस परियोजना से चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने यह भी बताया कि शहरी इलाके में बाढ़ से निपटने के प्रयासों की श्रृंखला में यह अपने तरह की पहली योजना है और इससे शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए व्यापक ढांचा विकसित करने में बहुत मदद मिलेगी।

Internal (for authorised circulation only)

Downloaded from SAMVAD